दिनांक : 19.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दीपोत्सव की कड़ी में कल दिपावली मनाई जाएगीं रोशनी के पर्व के लिए व्यापक स्तर पर सजावट की गई हैं पर्व को लेकर चारों ओर रौनक बनी हुई हैं लोग पूजन सामग्री, मिठाइयां, दीपक सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी में जुटे हैं धनतेरस से शुरू हुआ दीपोत्सव का पर्व पिछले साल की तरह इस बार भी छह दिन का रहेगां दीपावली के बाद 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन होंगें वहीं 23 तारीख को भाईदूज पर्व मनाया जाएगां

त्यौहारी श्रृंखला में आज रूप चतुर्दशी और छोटी दीपावली मनाई जा रही हैं रूप चौदस को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह हैं इस दिन साज श्रृंगार करना शुभ माना जाता हैं कृष्ण मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ हैं जन आस्था के प्रतीक जैसलमेर के रामेदवरा स्थित बाबा रामेदव मंदिर में फूलों से सुंदर सजावट की गई हैं

उधर, भारत–पाक अंतराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ जवानों ने सीमा चौकियों पर दीये और मोमबत्तियाँ जलाकर मिठाई बाँटी और देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं

दीवाली का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं वहीं यातायात की भी विशेष व्यवस्था की गई हैं

देशी–विदेशी सैलानी भी दीपोत्सव का आनंद लेने के लिए प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों पर पहुंचे हैं धनतेरस के साथ ही दीपोत्सव का आगाज़ हुआ और राजधानी जयपुर में भी बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने बाजारों में सजावट और जगमग रोशनी को निहारां

.....................................................................

भीलवाड़ा जिले में रबी फसल की बुवाई के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई हैं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में 3 लाख 60 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में बुवाई की जाएगीं उन्होंने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा गेहूं की बुवाई का लक्ष्य रखा गया हैं इसके अलावा, सरसों, जौ और चने की बुवाई होगीं वहीं तारामीरा की बुवाई का काम लगभग पूरा किया जा चुका हैं

.....................................................................

धौलपुर में एक गैस सिलेण्डर फटने से दो युवक गंभीर रूप से झुलस गयें हादसा बसेड़ी क्षेत्र के गुलावली गांव में गैस रिफिलिंग करते समय हुआं ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गयां फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं

.....................................................................

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर दिन में हल्की गर्मी हैं वहीं रात के तापमान में गिरावट से मामूली सर्दी शुरू हो गई हैं मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में उत्तरी हवाओं के कारण प्रदेश में सर्दी धीर–धीरे दस्तक दे रही हैं अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक कई जिलों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान हैं इस बीच, बीते 24 घंटों में भी तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी रहां बाडमेर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, वहीं जैसलमेर और बीकानेर में भी पारा 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआं उधर, सीकर में न्यूनतम तापमान साढे 13 डिग्री सेल्सियस रहां

.....................................................................

जयपुर स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत कल से हुई मोती डूंगरी गणेश मंदिर में हुए कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर हेरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव और ग्रेटर निगम मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने पूजा अर्चना कर शहरवासियों की खुशहाली की कामना कीं महापौर कुसुम यादव ने बताया कि महीनेभर चलने वाले स्थापना दिवस समारोह के तहत विभिन्न गतिविधियां होंगीं

महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने 18 नवम्बर 1727 को जयपुर शहर की नींव रखी थीं

.....................................................................

महिला क्रिकेट विश्व कप में आज मेजबान भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगां इंदौर में होने वाला ये मैच दोपहर तीन बजे से खेला जाएगां

उधर, गुवाहाटी में, विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप के महिला सिंग्लस फाइनल में आज शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की तन्वी शर्मा का मुकाबला थाइलैंड की अनयापट फिचीतप्रीचासक से होगां

इस बीच, मलेशिया में सुल्तान जोहोर कप हॉकी प्रतियोगिता में कल भारत की जूनियर टीम को रजत पदक मिलां फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2–1 से हराकर स्वर्ण पदक जीतां भारत ने पांचवीं बार प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया हैं

.....................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 24 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगें

.....................................................................